धोखाधड़ी

दुल्हन और 3 अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज, सीएसपी एचआर पांडे ने किया खुलासा

शादी के नाम पर 4 .10 लाख की ठगी

नवभारत,दमोह। शादी कराने के नाम पर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है।दिनेश पिता रामकौशल विश्वकर्मा,उम्र 38 वर्ष, निवासी बांसा तारखेड़ा की रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है।रिपोर्ट के अनुसार गांव के नर्मदा पटेल ने नीरज उर्फ धीरज पटेल व मालती पटेल, दोनों निवासी ग्राम कनेरा, थाना जैसीनगर, जिला सागर से मुलाकात करवाई। इसके बाद खुशबू राजपूत, निवासी रांझी, जबलपुर से 20 अप्रैल 2026 को रानगिर मंदिर में शादी करवाई गई।शादी कराने के एवज में दिनेश विश्वकर्मा ने 1,70,000/-रुपये नगद और 2,40,000 रुपये के जेवर खुशबू राजपूत को दिए थे। कुल 4,10,000 रुपये दिए गए।आरोप है कि 23 अप्रैल 2026 को मालती पटेल दुल्हन खुशबू राजपूत की बड़ी बहन बनकर बांसा तारखेड़ा आई। कुछ दिन बाद वापस भेजने का कहकर वह

दुल्हन को अपने साथ जबलपुर ले गई। इसके बाद से दुल्हन खुशबू राजपूत ने प्रार्थी दिनेश विश्वकर्मा से कोई संपर्क नहीं किया।प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने नर्मदा पटेल, नीरज उर्फ धीरज पटेल, मालती पटेल व खुशबू राजपूत के खिलाफ शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शादी के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ठगने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे के नेतृत्व में विवेचना के दौरान पुलिस ने कार्रवाई की। 28 अगस्त को नर्मदा पटेल, निवासी बांसा तारखेड़ा और मालती पटेल,निवासी कनेरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी मालती पटेल ने बताया कि उसने अपने पति नीरज उर्फ धीरज पटेल के साथ मिलकर शादी के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे कमाने का

तलाशी में कई लड़कियों के कूट रचित आधार कार्ड बरामद

आरोपी मालती पटेल के मोबाइल की तलाशी में कई लड़कियों के कूट रचित आधार कार्ड भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी नर्मदा पटेल और मालती पटेल को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल दमोह भेज दिया गया।31 अगस्त को इस मामले की मुख्य आरोपी लुटेरी दुल्हन खुशबू राजपूत, निवासी रांझी, जबलपुर को गिरफ्तार किया गया।

काम किया था। जांच में सामने आया कि नीरज उर्फ धीरज पटेल द्वारा अमानगंज, पन्ना में भी लुटेरी दुल्हन से संबंधित अन्य अपराध किया गया था। वह वर्तमान में पन्ना जेल में बंद है।

पूछताछ में पता चला

घटना के बाद खुशबू राजपूत ने कोटा, राजस्थान में भी दूसरी शादी कर ली थी।आरोपी खुशबू राजपूत को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में विशेष रूप से थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय,सब इंस्पेक्टर विक्रम दांगी,प्रधान आरक्षक रामकुमार, अखिलेश छारी, योगेंद्र, मनीष, महिला आरक्षक रचना विश्वकर्मा, महिला सैनिक गीता पटेल, सैनिक महफूज का विशेष योगदान रहा।

एसडीएम के निरीक्षण के दौरान जनपद में नहीं मिला कोई अधिकारी

एक दिन के वेतन रोकने के निर्देश

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह। तेंदूखेड़ा नगर के जनपद पंचायत कार्यालय में शाम करीब पांच बजे एसडीएम/सीईओ सीजी गोस्वामी शाम को जब जनपद कार्यालय पहुंचे? और कर्मचारियों को बुलाया तो कोई कर्मचारी मौजूद नहीं मिला। जिस पर एसडीएम ने अधिकारी कर्मचारियों के कक्ष का निरीक्षण किया तो एक भी अधिकारी कर्मचारी अपने कक्षों में मौजूद नहीं मिला। सिर्फ कंप्यूटर ऑपरेटर महेंद्र राजपूत व मनोज आदिवासी प्यून ही मौजूद थे।जबकि दर्जनों कर्मचारी जनपद के कार्यालय में पदस्थ है।एस डी एम ने बताया कि सभी कर्मचारी 4 बजे के पहले ही कार्यालय से चले जाते है।जिससे ग्रामीण अपने कामों के लिए परेशान होकर मेरे पास शिकायत करते है। आज भी लोगो की शिकायत आई थी जिस पर कार्यालय चेक किया,तो जनपद के सभी जवाबदार अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय से गायब मिले। सभी गायब कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।एस डी एम ने सभी गायब अधिकारियों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए बताया कि अधिकांश कर्मचारी दमोह जबलपुर से अप डाउन करते है?। जिसके चलते कार्यालय एक से दो घंटे देरी से पहुंचते है और कार्यालय बंद होने के समय से एक घंटे पूर्व ही कार्यालय से चले जाते है। इसलिए समय से पूर्व कार्यालय से गायब होने वाले सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए है।आगे से अधिकारी कर्मचारी लापरवाही कर कार्यालय से समय से पूर्व गए तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिसमें वेतन काटना वेतन वृद्धि रोकना नोटिस काटकर जबाव मांगा जाएगा।

अखंड श्री हरिनाम संकीर्तन का समापन

नवभारत,दमोह। श्री हनुमान महाराज की असीम कृपा व समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के सहयोग से बेलाताल टापू मंदिर, दमोह में 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुए अखंड श्री हरिनाम संकीर्तन व श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव का दिनांक 29 अगस्त 2026 को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ।यह पावन आयोजन विगत सन् 2008 से गौ लोकवासी पंडित बिहारी लाल गौतम की प्रेरणा व मार्गदर्शन से निरंतर चलता आ रहा है। विगत 3 वर्षों से उन्हीं की प्रेरणा व आशीर्वाद से मंदिर समिति द्वारा इस धार्मिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।समापन अवसर पर विशाल भंडारा व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमी बंधुओं एवं नगरवासियों ने उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया.

जिले में दो सीटों पर उपचुनाव की घोषणा, 29 सितंबर को होगा मतदान

नवभारत,दमोह। दमोह जिले में दो सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है।निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दमोह नगर पालिका के वार्ड नंबर 12 मांगज वार्ड-2 और बटियागढ़ जनपद सदस्य पद के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। आगामी 29 सितंबर को इन दोनों सीटों पर मतदान होगा। चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई है।

सिटी कोतवाली के सामने पुलिस ने शुरू की सघन वाहन चेकिंग

नवभारत,दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए सिटी कोतवाली के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।चेकिंग के दौरान एएसआई बलविंदर सिंह, एएसआई उषा, प्रधान आरक्षक पंकज,चैन सिंह, रामकुमार, अखिलेश तिवारी, राघवेंद्र,अजय पटेल,आरक्षक आर.के. सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। बता दें कि इन नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही है।हेलमेट न पहनना। बाइक पर तीन सवारी बैठाना। बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना।सीट बेल्ट न लगाना। वाहन की कांच पर काली फिल्म लगाना?। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इससे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकेगी। लगातार चेकिंग से निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं और अपराधों में कमी आएगी।

4 सितंबर को मनाया जायेगा श्रीकृष्ण पर्व

नवभारत, दमोह। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग व श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के आयोजन तथा जिला प्रशासन दमोह के सहयोग से श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 4 सितंबर 2026 को शाम 7 बजे से मानस भवन सभागार, दमोह में आयोजित होगा।कार्यक्रम में श्रीकृष्ण आख्यान पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।बुंदेली लोक गायन की प्रस्तुति अनामिका पाण्डेय व साथी, छतरपुर द्वारा दी जाएगी।वहीं कालियानाग वध पर केंद्रित नृत्य नाटिका विथिका मिष्ठी एवं साथी, भोपाल द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा भक्ति गायन पवन तिवारी एवं साथी, निवाड़ी द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, लीलाओं और भक्ति पर आधारित कला अभिव्यक्तियों के माध्यम से दर्शकों को भारतीय लोक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराया जाएगा। आयोजन में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

एक नजर में

सह मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्ति पर किया आत्मीय स्वागत

नवभारत,हटा/दमोह. भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ, मप्र में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी के रूप में नियुक्ति के उपरांत हटा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी संघ पदाधिकारियों व समस्त अधिवक्ताओ द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत, सम्मान व अभिनंदन से मैं अभिभूत हूँ।हटा अधिवक्ता संघ के सभी सम्माननीय अधिवक्ता साथियों द्वारा जिस आत्मीयता,स्नेह और सम्मान के साथ मेरा स्वागत किया गया, उसके लिए मैं हृदय की गहराइयों से आप सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूँ।अधिवक्ता समाज सदैव समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है।

एपी प्रजापति का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न, अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

नवभारत,दमोह। प्रवर्तन संभाग,दमोह के अति मुख्य अभियंता ए.पी. प्रजापति का सेवानिवृत्ति समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।समारोह में दमोह वृत्त से चौहान और दक्षिण संभाग दमोह से सहायक अभियंता मोतीलाल साहू सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मयंक देवलिया द्वारा किया गया।इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने ए.पी.प्रजापति के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।आभार व्यक्त संजय वाजिद, कमल कटारे,शारदा कुमारी, राजुल प्यासी सहित समस्त प्रवर्तन संभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया।

एएसआई जगदीश को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

नवभारत,दमोह। सउनि जगदीश नारायण गौंड की सेवानिवृत्ति पर कंट्रोल रूम में विदाई समारोह आयोजित मप्र पुलिस विभाग में अपनी दीर्घकालीन,समर्पित व निष्ठावान सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत सहायक उपनिरीक्षक (सउनि) जगदीश नारायण गौंड आज अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ससम्मान सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) द्वारा न्यू कंट्रोल रूम, दमोह में एक गरिमामय व भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए मिलेंगे 25-25 हजार रुपये

नवभारत,दमोह। कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों का आधुनिक तकनीक से जुड़ने का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि का अंतरण करेंगे। विद्यार्थियों को यह राशि 1 सितंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित लैपटॉप क्रय के लिये राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रदान की जाएगी।प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें डिजिटल तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले ही प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

- मुख्यमंत्री 1 सितंबर को 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का करेंगे अंतरण

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा का संबल

प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। इस प्रकार विद्यार्थियों को कुल 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की यह पहल प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत,दमोह। 376 जैसे मामले में फरार चल रहे हैं आरोपी को पुलिस ने तत्परता से गिरफ्तार किया है। बता दे कि 40 दिन से यह आरोपी फरार था। जैसे चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल, प्रधान आरक्षक जालम, आरक्षक गौरव और मनोज ने घेराबंदी कर 40 दिन से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया जाए।

सरकारी स्कूल में पहली कक्षा में 30 दाखिले प्राइवेट स्कूलों से भी 13 बच्चों ने लिया प्रवेश

नवभारत,बटियागढ़/दमोह। जहां एक ओर शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में लगातार घटती छात्र संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं विकासखंड बटियागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला बसिया ने इसके विपरीत एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीकांत कुर्मी ने स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर इस सत्र में कक्षा पहली में 30 विद्यार्थियों के दाखिले करवाए। वहीं कक्षा पहली से पांचवीं तक प्राइवेट स्कूलों में अध्ययनरत 13 बच्चों ने भी शासकीय विद्यालय में प्रवेश लिया।ग्रामीण क्षेत्र में स्थित बसिया गांव में निजी स्कूलों की बसें पहुंचने के कारण अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजते हैं।ऐसे में शासकीय विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाना शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण था। शिक्षक श्रीकांत कुर्मी व विद्यालय स्टाफ ने गृह संपर्क अभियान चलाकर घर-घर पहुंचकर अभिभावकों से संवाद किया। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए बच्चों के प्रवेश के लिए प्रेरित किया।

शिक्षकों के प्रयासों का परिणाम विद्यालय में बढ़ी छात्र संख्या

इस उल्लेखनीय प्रयास की बटियागढ़ विकासखंड के बीआरसी उमेश पाठक ने सराहना करते हुए शिक्षक श्रीकांत कुर्मी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।वहीं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बटियागढ़ के संकुल प्राचार्य विशाल रावत ने भी शिक्षक श्रीकांत कुर्मी व विद्यालय के प्रभारी शिक्षक दिलीप असाटी को प्रशस्ति पत्र देकर उनके प्रयासों की सराहना की।विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि अभिभावकों से निरंतर संवाद और बच्चों के प्रति सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने से शासकीय विद्यालयों के प्रति विश्वास बढ़ाया जा सकता है।

श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह

संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा, देवभाषा व मधुर भाषा है : कृप्राचार्य कुन्जीलाल डिम्हा

नवभारत,बांदकपुर/दमोह। श्री जागेश्वर धाम स्थित उच्च माध्यमिक संस्कृत वेदांग विद्यालय, श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में विगत एक सप्ताह से आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह व गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।संस्कृत भाषा के संरक्षण,संवर्धन एवं प्रचार- प्रसार के उद्देश्य से आयोजित इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय में विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों ने संस्कृत भाषा की महत्ता, भारतीय

संस्कृति में उसके योगदान तथा वर्तमान समय में संस्कृत के अध्ययन व अध्यापन की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक आचार्य पंडित रामकृपाल पाठक शास्त्री जी महाराज ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की गौरवशाली संस्कृति, सभ्यता, ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक परंपरा की आधारशिला है हमारे वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, महाभारत, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, ज्योतिष व अनेक प्राचीन ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही रचित हैं संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय संस्कृति की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा आज भी सुरक्षित है.

राहुल गांधी पर एफआईआर करवाना भाजपा की कायराना साजिश

नवभारत,दमोह। उतराखण्ड के हलद्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के की आमसभा के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंच शुद्धिकरण करने को लेकर लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा पत्रकार करके यह कहा गया कि स्वतंत्र भारत इस तरह का कृत्य निंदनीय है,उस पर संबंधितो पर कोई कार्यवाही न करते हुए वहां की भाजपा सरकार द्वारा षड़यंत्र पूर्वक उन्हीं पर एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया। जिसका विरोध

प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर नेहरू पार्क के सामने कांग्रेसजनों ने किया। संगठन सचिव नितिन मिश्रा, निधि श्रीवास्तव,लालचंद राय,विजय बहादुर सिंह,रजनी ठाकुर,प्रफुल्ल श्री वास्तव, कमला निषाद, परम यादव, बसंत कुशवाहा,बबलु भट्ट, डीपी पटेल, शमीम कुरैशी, मुख्तार जाफरी, लाखन सिंह, रफीक खान, अफजल खान,मदन सुमन, प्रवीण राय ने विरोध प्रदर्शन करने हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि लोकतंत्र में सामाजिक न्याय व्यवस्था का भखौल उढ़ाया जा रहा है जिस तरह युवाओ ने दिल्ली के जंतर मंतर पर अपने हक की आवाज उठाई तो केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लाठिया चलवाई। पैलिट गन तक चलवाई अब राहुल गांधी जिन्होंने कहा कि जिस तरह दलित के मंच पर पहुंचने पर शुद्धिकरण करवाया वह देश के समस्त दलितो का अपमान है, इस दौरान एके चिश्ती, शैलेन्द्र जड़िया,श्रीकांत पटेल, बाबू चौहान सहित बडी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

चोरी

नकदी और चांदी का सिक्का ले गए चोर

पटेरा में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

नवभारत,पटेरा/दमोह। नगर में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि बीती रात्रि अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नकदी सहित चांदी का सिक्का चोरी कर ले गए।जानकारी के अनुसार, पटेरा निवासी शालिग्राम शुक्ला की माता का हाल ही में निधन हो गया था, जिसके चलते वे अपने परिवार सहित अपने निज ग्राम हरदुआ घाट में रुके हुए थे। मकान सूना होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।बताया गया कि सुबह करीब 6 बजे पड़ोसियों ने शालिकराम शुक्ला के मकान का ताला खुला देखा। पड़ोसियों ने तत्काल उन्हें

इसकी सूचना दी। शालिग्राम शुक्ला ने बताया कि वे मकान में विधिवत ताला लगाकर गए थे, जिसके बाद उन्हें चोरी की आशंका हुई और वे तत्काल अपने परिवार के साथ हरदुआ घाट से पटेरा पहुंचे।मकान पहुंचने पर मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला, वहीं अंदर अलग-अलग कमरों के ताले भी टूटे पाए गए। घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त और जगह-जगह बिखरा हुआ पड़ा था। जांच करने पर एक डिब्बे में रखे करीब 7 हजार रुपये नकद एवं एक चांदी का सिक्का गायब मिला।

घटना की जानकारी तत्काल पटेरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की तथा मामले को संज्ञान में लेकर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।नगर में हुई इस चोरी की घटना के बाद लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता देखी जा रही है। अब देखना होगा कि पटेरा पुलिस इस मामले के आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंच पाती है।

स्कूल से दस कंप्यूटर दो प्रिंटर सहित अन्य सामान चुरा ले गए चोर, करीब पांच लाख की चोरी

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।नगर से पच्चीस किलोमीटर दूर तारादेही में स्थित उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने स्कूल में घुसकर दस कंप्यूटर एसीईआर कंपनी कीमत चार लाख एचपी आर कंपनी के दो प्रिंटर उन्तालीस हजार रुपए दो माउस दो की पेट चुरा ले गए। चोरी गई सामग्री की कुल कीमत चार लाख साठ हजार के करीब है। चोरी की जानकारी सुबह स्कूल खुलने पर लगने से हायर सेकेंडरी उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य ने थाने में लिखित आवेदन देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। तारादेही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है?। इनका कहना है। हायर सेकेंडरी स्कूल में चोरों ने कंप्यूटर और प्रिंटर चोरी करने की शिकायत स्कूल प्राचार्य स्वदेश नेमा द्वारा लिखित में की गई है। मामला दर्ज कर पुलिस चोरों की पतासाजी कर रही है।

युवक पर चाकू से हमला जिला अस्पताल में भर्ती पुलिस जांच में जुटी

नवभारत,दमोह। जिले के देहात थाना क्षेत्र का जबलपुर नाका चौकी के समीप रविवार रात 9 बजे राजनगर तालाब के आसपास एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। जिसमें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार रत है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, प्रधान आरक्षक देवेंद्र सहित पुलिस ने पहुंचकर घायल के बताए अनुसार आरोपियों को अभिरक्षा में लिया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल भागवत कुर्मी पिता दामोदर उम्र 30 वर्ष निवासी उदयपुरा तिवारी थाना सुर्खी के बताए गए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे घटना की जांच बारीकी से कर रहीहै। इसमें घायल युवक का कहना है जुआ के लिए पैसे मांग रहे थे,ना देने पर यह घटना को अंजाम दिया गया।

कलेक्ट्रेट के बाहर हेलमेट चेकिंग अभियान, बिना हेलमेट प्रवेश नहीं

यातायात निरीक्षक आकांक्षा जोशी ने की कार्रवाई

नवभारत दमोह। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई यातायात निरीक्षक आकांक्षा जोशी के नेतृत्व में की गई। इस दौरान एएसआई हरिश्चंद्र सहित पुलिस बल मौजूद रहा। चेकिंग के दौरान कलेक्ट्रेट में प्रवेश करने वाले दो पहिया वाहन चालकों की जांच की गई। जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था उन पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही कलेक्ट्रेट में केवल हेलमेट पहनने वाले चालकों को ही प्रवेश दिया गया।प्रशासन का कहना है कि आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।